Years 1920 - 2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

प्रो. आलोक कुमार राय
कुलपति
Prof. Alok Kumar Rai
Vice Chancellor

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

कुलपति महोदय का संदेश

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020 को शुचिता एवं पूर्णता के साथ सम्पन्न कराने का जो संकल्प लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया था, वह सम्पूर्ण प्रदेश में प्रवेश परीक्षा से संलग्न आप सभी महानुभावों के सहयोग से सम्यकरूपेण फलीभूत हो गया। लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रवेश परीक्षा से जुड़े सभी सदस्यों का, आत्मिक आभार व्यक्त करता है। प्रवेश परीक्षा का परिणाम पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 05–09–2020 को घोषित कर दिया गया है। इस परिणाम को घोषित करने में पूर्ण पारदर्शिता और त्रुटिहीनता के निर्वहन का अथक प्रयास किया गया है। प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन।

प्रवेश प्रक्रिया का अगला चरण काउन्सिलिंग प्रक्रिया है, जो दिनांक 19–11–2020 से प्रस्तावित है। गत वर्ष की अपेक्षा अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है फलस्वरूप प्रतियोगिता भी। काउन्सिलिंग में चयनित सभी अभ्यर्थियों के सफल व उज्जवल भविष्य के लिये मैं मंगलकामनाएँ देता हूँ तथा यह विश्वास करता हूँ कि आप सभी अभ्यर्थी देश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने में हमें आपका सहयोग प्राप्त हुआ। काउन्सिलिंग प्रक्रिया के सफल संचालन में भी सबका सहयोग प्राप्त होता रहेगा, इसी आशा के साथ एक बार पुनः सभी अभ्यर्थियों, इस कार्य को सम्पन्न कराने हेतु कटिबद्ध राज्य समन्वयन समिति के सदस्यों, विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को मेरी अनन्त शुभेच्छा।

आलोक कुमार राय
कुलपति

Telephones:0522-2740467(O)0522-2740462(R),Fax:022-2740467(O) E-mail:vc@lkouniv.ac.in